शहरी विकास विभाग

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार

9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली

विधायक का नाम : श्री धर्मपाल लाकड़ा

दिनांक : 30.07.2021

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 87

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

क्र. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	क्या यह सत्य है कि मुण्डका विधानसभा के अन्तर्गत वार्ड 36 एन में भाग्य विहार कॉलोनी में रोड़ व नालियों के पांच कार्यों में से सिंचाई एंव बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा किये गये दो कार्यों के अन्तर्गत मेन रोड़ ऊँची बना दिये जाने के कारण वहां जल भराव की भयानक समस्या रहती है,	**उत्तरी दिल्ली नगर निगम** :– नगर निगम द्वारा भाग्य विहार में कोई विकास कार्य नही कराया गया हे। भाग्य विहार उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नही आता। **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभागः–** जी हॉ, मुंडका विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 36–एन में भाग्य विहार अनाधिकृत कॉलोनी के पूर्णविकास के लिए कुल 7 कार्यों के आकलन बनाये गए थे । परन्तु धन के अभाव के कारण केवल 2 आकलन को स्वीकृति प्रदान की गयी थी एवं तत्कालीन माननीय विधायक श्री सुखबीर सिंह दलाल की वरीयता के अनुसार जो 2 कार्यों का निष्पादन करवाया गया जिसके अंतर्गत कार्यों के मुख्य मार्गों का निर्माण किया गया। इस कार्य में सड़क एवं नालियों का निर्माण कार्य उत्तरी दिल्ली नगर निगम सड़क के मुख्य नाले में जल निकासी को दृष्टिगत रखतें हुए किया गया है। शेष 5 कार्यों की स्वीकृति मिलने के बाद इस कॉलोनी का पूर्ण विकास होगा और आने वाले समय में कोई भी जल भराव की समस्या नहीं होगी।
ख	यदि हॉ, तो सरकार द्वारा इस समस्या के निदान हेतु क्या कदम उठाये गये हैं तथा बाकि बचे तीन कार्य कब तक पूरे कर दिये जाएंगे?	**उत्तरी दिल्ली नगर निगम** :– उपरोक्तानुसार। **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभागः–** जी हॉ, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा इस समस्या के निदान हेतु 3 पंप लगाए हुए है ताकि जल भराव की भयानक समस्या न रहे और जल भराव की स्थिति से लोगों को राहत दिलाई जा सके।

Deputy Secretary (Admn.)
Urban Development Deptt.
Govt. of N.C.T. of Delhi
9th Level, Delhi Sectt.
New Delhi-110002